an>

Title: Need to formulate and sanction plans for providing drinking water and sewer line facilities in Nagar Panchayats in Satna Parliamentary Constituency.

श्री गणेश सिंह (सतना) : मेरे लोक सभा क्षेतॣ सतना, मध्य प्रदेश से सतना नगर निगम, मैहर नगर पालिका, तथा कोटर, रामपुर बाघेलान, अमरपाटन, रामनगर, उचेहरा, नागौद, कोठी, बिरसिंहपुर, जैतवारा एवं चितॣकूट नगर पंचायतें हैं जहां पेयजल एवं सीवर लाइन की गंभीर समस्या है। केन्दॣ सरकार के शहरी विकास मंतॣालय में इन दोनों समस्याओं के समाधान हेतु योजनाएं संचालित हैं। इन योजनाओं के तहत मेरे लोक सभा क्षेतॣ के सभी नगरीय क्षेतॣों की सुविधाओं के लिए योजनाओं की स्वीकृति जनहित में दिए जाने की जरूरत है। मंतॣालय से मेरी मांग है कि इन सभी नगरीय क्षेतॣों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नए पॣस्ताव तैयार कर स्वीकृति दी जाए। इसके साथ-साथ पिछली सरकार ने सतना नगर निगम के पेयजल समस्या के समाधान हेतु 83 करोड़ रूपये की योजना स्वीकृत की थी किंतु अभी तक उस योजना के तहत कोई काम शुरू नहीं किया गया है। मेरी मांग है कि उक्त संबंध में मंतॣालय जानकारी ले तथा क्या कारण है कि अभी तक उक्त धनराशि का उपयोग नहीं किया गया, अतिशीघॣ योजना को अंतिम रूप देकर कार्य पॣारंभ कराया जाए।